* 

# नकली करंसी से नशा खरीदने गए तीन लोग गिरफ्तार, 28500 रुपए बरामद

**Bathinda News - नशा तस्करों से नशा खरीदने के लिए नकली करंसी लेकर गए तीन युवकों को पुलिस ने 28 हजार रुपए सहित रुपये की जाली करंसी के...**

Nov 26, 2019, 07:41 AM IST

नशा तस्करों से नशा खरीदने के लिए नकली करंसी लेकर गए तीन युवकों को पुलिस ने 28 हजार रुपए सहित रुपये की जाली करंसी के साथ आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। दूसरी ओर गिरफ्तार आरोपियों का सरकारी अस्पताल में मेडिकल करवाने के आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। जहां अदालत ने तीनों आरोपियों को न्यायक हिरासत में भेज दिया है। वहीं आरोपी जोगिंदर सिंह के खिलाफ लगभग 10 केस विभिन्न जिलों में दर्ज है। जबकि थाना फतेहगढ़ पंतजूर व निहाल सिंह वाला में केस दर्ज है। थाना फतेहगढ़ पंतजूर की सब इंस्पेक्टर सुनीता रानी ने बताया कि रविवार को पुलिस कस्बे में गश्त के दौरान तीन युवकों को शकी हालत में खड़े देखकर उनके पास स्थित सामान की तलाशी लेने पर 28500 के नकली नोट बरामद हुए। पुलिस ने नकली नोटों को कब्जे में लेने के बाद तीनों आरोपियों सुखजिंदर सिंह उर्फ गोगी निवासी मुक्तसर साहिब, जोगिंदर सिंह उर्फ काला व अवतार सिंह ्निवासी भगताभाई का जिला बठिंडा को गिरफ्तार करके केस दर्ज किया है।

**पुलिस ने तीनों आरोपियों को रिमांड पर लिया**

पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जहां अदालत ने तीनों आरोपियों का पुलिस रिमांड देने की बजाए जेल भेज दिया। वहीं पता चला है कि आरोपियों ने गांव दौलेवाला स्थित नशा तस्करों से नशा खरीदने के लिए गए थे। लेकिन उनके नोट नकली होने के चलते नशा देने से साफ इंकार कर दिया था। इसके बाद वह तीनों वापस फतेहगढ़ पंतजूर पहुंचे और पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया।

Source: [https://www.bhaskar.com/punjab/bathinda/news/three-people-arrested-to-buy-drugs-from-fake-currency-arrested-rs-28500-recovered-074153-6031461.html](https://www.bhaskar.com/punjab/bathinda/news/three-people-arrested-to-buy-drugs-from-fake-currency-arrested-rs-28500-recovered-074153-6031461.html)